# SECOND PRELIMINARY EXAMINATION 2023-2024
## HINDI

**STD: X**
**TIME: 3 hrs.**

**DATE: 05.01.2024**
**MARKS: 80**

*Answers to this paper must be written on the paper provided separately.*
*You will not be allowed to write during the first 15 minutes.*
*This time is to be spent in reading the question paper.*
*The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.*

*Attempt all the questions from section A.*
*Attempt any four questions from section B, answering one question each from the two books and any two other questions.*
*The intended marks for questions or parts of questions are given in the brackets[].*
*This paper consists of seven printed pages. Nothing should be written on the question paper.*

## SECTION A [40 MARKS]
Attempt all questions

**Question 1**

Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics:
निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए। [15]

(i) आपके विद्यालय में एक मेले का आयोजन किया गया था। यह किस अवसर पर किस उद्देश्य से किया गया था? उसके लिए आपने क्या-क्या तैयारियाँ की? आपने और आपके मित्रों ने एवं शिक्षकों ने उसमें क्या सहयोग दिया था? इन बिंदुओं को आधार बनाकर एक निबंध विस्तार से लिखिए।

(ii) कुछ लोगों का मानना है कि मनुष्य जो कुछ है अपने पुरुषार्थ के कारण है तो अन्य लोग मानते हैं कि भाग्य ही मनुष्य का निर्माता है। इस विषय पर सारगर्भित प्रस्ताव लिखिए।

(iii) दहेज प्रथा एक प्रकार का सामाजिक कलंक है। जिसके कारण आए दिन वधुओं को प्रताड़ित करने के समाचार सुनाई पड़ते हैं। इस कुप्रथा से जुड़े सभी पहलुओं एवं दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए एक प्रस्ताव लिखिए। जिसमें इस बात का भी उल्लेख हो कि इस बुराई से कैसे बचा जा सकता है।


(iv) 'दूर के ढोल सुहावने' सूक्ति का अर्थ लिखते हुए इस पर एक मौलिक कहानी लिखिए।

(v) नीचे दिये गये चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए,जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए।

*Continued on page 2*



Downloaded From www.icseboard.org



**Question 2**

Write a letter in **Hindi** in approximately **120** words on any of the topics given below: -

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए। **[7]**

(i) जंक फूड की हानियाँ और संतुलित भोजन के लाभ को बताते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

(ii) आपके नगर में एक 'विज्ञान-कार्यशाला' का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला के संयोजक को पत्र लिखकर बताइए कि आप भी इसमें सम्मिलित होना चाहते हैं।

**Question 3**

Read the passage given below and answer in **Hindi** the questions that follow, using your own words as far as possible: -

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर यथासंभव अपने शब्दों में लिखिए। **[10]**

जापान में समुद्रतट के समीप ही एक टीले पर एक परिवार बसता था। उसके खेत भी टीले पर ही थे। समुद्र के तट पर टीले से नीचे एक गाँव था। शीतकाल समाप्त हो गया था। वसन्त ऋतु ने चारों ओर अपना उल्लास बिखेर दिया था। खेतों में फसलों की सुनहरी बालियाँ झूम रही थीं। ऐसे आनन्दपूर्ण समय में उस गाँव में प्रतिवर्ष के समान वसन्त ऋतु के स्वागत के लिए एक मेले का आयोजन किया गया। आसपास की बस्तियों से स्त्री-पुरुष, बालक-युवा रंग-बिरंगे कपड़े पहन कर मेले में आए थे। विशाल जन-समुदाय एकत्रित हुआ था। लोग खाने-पीने, वस्तुएँ खरीदने, गाने-बजाने तथा आनन्द मनाने में मस्त थे। गाँवों में कतिपय वृद्ध-जन घर तथा खेतों की रखवाली के लिए बच गए थे।

समुद्रतट के समीप के टीले पर जो परिवार रहता था; उसके सदस्यों में भी कुछ सज-धजकर नीचे मेले में चले गए थे। कुछ ऊपर बैठे-बैठे मेले का आनन्द ले रहे थे। उस परिवार का वृद्ध सदस्य हागामुची घर से बाहर बैठा अपने पौत्र को गोद में खिला रहा था, साथ ही मेले पर भी दृष्टि डाल लेता था। हागामुची अचानक चौंक गया ! उसकी दृष्टि मेले से हटकर समुद्र पर पड़ी, पौत्र को गोद से उतारकर, उसे नीचे बैठाकर वह उठ खड़ा हुआ। समुद्र का जल अकस्मात अस्वाभाविक रूप से बहुत पीछे हट गया था। हागामुची के मन में प्रश्न उठा- "यह क्या हुआ? समुद्र का जल इस प्रकार एक-साथ पीछे क्यों हटा?"

*Continued on page 3*

Downloaded From www.icseboard.org

समुद्र में पहले जहाँ जल था, वहीं रेत दिख रही थी। हागामुची को अपने बचपन की एक घटना का स्मरण हुआ और वह काँप गया। तब वह बहुत छोटा था, उस समय भी समुद्र पीछे हटा था, रेत भी दिखाई पड़ी थी। उसके बाद ही आकाश छूती लहरें उमड़ पड़ी थीं। समुद्रतट से दूर तक के गाँव जलमग्न हो गए थे। हागामुची की दृष्टि दूर समुद्र पर ही टिकी थी। उसे लगा कि बहुत दूर जल में भारी उथल-पुथल मची है। हागामुची ने लोगों को पुकारना प्रारम्भ किया; किन्तु मेले के शोरगुल में उसकी पुकार कौन सुनता? एक ही उपाय था, लोगों की प्राण रक्षा का, कि सब लोग अविलम्ब टीले पर चढ़ जाएँ; किन्तु यह कैसे हो? हागामुची के मन में एक विचार आया। उसने चूल्हे से जलती लकड़ी निकाली और अपने खेतों में आग लगाने दौड़ पड़ा। खड़ी पकी फसल-वर्ष भर के निर्वाह का आधार; किन्तु मनुष्यों के प्राणों का मूल्य कहीं अधिक था।

हागामुची ने क्षितिज को छूती समुद्र की लहरें देखीं। उसे लगा कि खेतों के जलने पर मेले के राग-रंग में डूबे लोग ध्यान नहीं दें रहे हैं; तभी हागामुची ने बिना क्षण भर गँवाए अपने घर में आग लगा दी, घर धू-धू करके जलने लगा। "यह क्या? क्या करते हैं आप?" घर के जो सदस्य टीले पर थे, चिल्लाते हुए घर से बाहर भागे। उन्हें लगा कि बूढ़ा पागल हो गया है; किन्तु लोग रोकें, इससे पूर्व ही घर सेऊँची लपटें उठने लगी थीं। मेले में सुरक्षा के लिए आए दमकलों के घंटे घनघनाने लगे। भीड़ ने लपटें देखीं, लोग टीले पर दौड़े। दुकान, सामान सब छोड़कर लोग हागामुची के घर की अग्नि बुझाने टीले पर चढ़े। इतने में तो जैसे प्रलयकाल आ गया। समुद्र एक साथ उमड़ पड़ा।आस-पास मीलों तक लहरें हाहाकार करती दौड़ पड़ी। टीले पर मेले के प्रायः सभी मनुष्य पहुँच चुके थे, उनका जीवन सुरक्षित
हो गया था। अपने सर्वस्व की आहुति देकर हागामुची ने उन्हें बचा लिया था। हागामुची की मूर्ति बनाकर बाद में लोगों ने मन्दिर में रखी।

(i) मेला कहाँ और क्यों आयोजित किया जाता था?

(ii) मेले में कौन आए थे ? वे किस प्रकार आनन्द मना रहे थे?

(iii) हागामुची को बचपन की किस घटना का स्मरण हुआ और क्यों?

(iv) लोगों की प्राण-रक्षा के लिए हागामुची ने क्या उपाय किए?

(v) लोगों ने हागामुची की मूर्ति बनाकर मन्दिर में क्यों रखी?

**Question 4**

Answer the following questions according to the instructions given: -

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए:**

(i) 'सगुण' का विलोम बताइए- **[1]**

(a) अवगुण

(b) निर्गुण

(c) गौण

(d) गुण

*Continued on page 4*



Downloaded From www.icseboard.org

[1]

(ii) 'आभूषण' का पर्यायवाची बताइए-

(a) इंदिरा- इंद्रवधू

(b) भूषण- वर्णन

(c) अलंकार- आभरण

(d) अनिल -अनल

(iii) 'कम व्यय करने वाला' अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : [1]

(a) मितव्ययी

(b) कम खर्चीं

(c) अव्ययी

(d) बचत

(iv) 'भावुक' शब्द की भाववाचक संज्ञा होगी- [1]

(a) भाव

(b) भावुकत्व

(c) भावुकपन

(d) भावुकता

(v) 'दर्शन' शब्द का विशेषण शब्द है- [1]

(a) दार्शन

(b) दर्शनीय

(c) दर्शनार्थ

(d) सुदर्शन

(vi) 'सिर नीचा होना' मुहावरे का अर्थ होगा- [1]

(a) अपमानित होना

(b) खुशी में विघ्न पड़ना

(c) मस्तक झुकाना

(d) शर्मिंदा होना

(vii) वह गाँव गया और बीमार हो गया । (रचना के आधार पर वाक्य के प्रकार पहचानो) [1]

(a) विधानवाचक वाक्य

(b) सरल वाक्य

(c) संयुक्त वाक्य

(d) संदेहवाचक वाक्य

*Continued on page 5*



Downloaded From www.icseboard.org

(viii) 'व्यवहारीक' शब्द का शुद्ध रूप है- [1]

(a) व्यावहारिक

(b) व्यवहारिक

(c) व्यवहारीक

(d) व्यवहार

## Section B (40 Marks)

*Attempt any four questions from this section*
*You must answer at least one question from each of the two books*
*and any two other questions*

### साहित्य सागर

**Question 5**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:**

**"बड़े भोले हैं आप सरकार । अरे मालिक,रूप-रंग बदल देने से तो सुना है आदमी तक बदल जाते हैं। फिर ये तो सियार है।"**

'भेड़ें और भेड़िये'

लेखक-हरिशंकर परसाई

(i) उपर्युक्त कथन कौन, किससे क्यों कह रहा है? [2]

(ii) बूढ़े सियार ने भेड़िये का रूप किस प्रकार बदला? [2]

(iii) यह कैसी कहानी है, बूढ़े सियार ने किन तीन बातों का ख्याल रखने के लिए कहा? क्यों कहा? [3]

(iv) सियारों को किन-किन रंगों में रंगा गया? वे किसके प्रतीक थे? इस कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है? [3]

**Question 6**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:**

**उसके अन्त:स्तल में वह शोक जाकर बस गया था। वह प्राय: अकेला बैठा-बैठा शून्य मन से आकाश की ओर ताका करता । एक दिन उसने ऊपर आसमान में पतंग उड़ती देखी। न जाने क्या सोचकर उसका हृदय एकदम खिल उठा । विश्वेश्वर के पास जाकर बोला, "काका । मुझे एक पतंग मँगा दो।"**

'काकी'

लेखक-सियारामशरण गुप्त

(i) उसके शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है ? उसके दुखी होने का क्या कारण था? [2]

(ii) क्या देखकर उसका हृदय खिल उठा था ? उसने अपने पिता से क्या माँगा ? [2]

(iii) उसने उस चीज का प्रबंध कैसे किया ? क्या उसके इस कार्य को अपराध कहना उचित होगा ? समझाइए । [3]

(iv) विश्वेश्वर ने बालक के साथ कैसा व्यवहार किया ? संक्षेप में समझाते हुए उनके इस तरह के [3]

*Continued on page 6*



Downloaded From www.icseboard.org

व्यवहार का कारण तथा सच्चाई जानने के बाद की स्थिति का भी वर्णन कीजिए।

**Question 7**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:**

**हालदार साहब जब पहली बार इस कस्बे से गुजरे और चौराहे पर पान खाने रुके तभी उन्होंने इसे लक्षित किया और उनके चेहरे पर एक कौतुक भरी मुसकान फैल गई।**

'नेताजी का चश्मा'
लेखक-स्वयं प्रकाश

(i) हालदार साहब ने पहली बार कस्बे से गुजरते समय किस बात को लक्षित किया? [2]

(ii) उनके चेहरे पर एक कौतुक भरी मुस्कान क्यों फैल गई? [2]

(iii) जब जीप कस्बा छोड़कर आगे बढ़ गई तब भी मूर्ति के बारे में सोचते समय वे किस निष्कर्ष पर पहुँचे? [3]

(iv) हालदार साहब के अनुसार मूर्ति के रंग-रूप या कद के महत्त्व के बजाए किस चीज का महत्त्व होता है? [3]

**एकांकी संचय**

**Question 8**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:**

**अब भी आँखें नहीं खुलीं ? जो व्यवहार अपनी बेटी के लिए दूसरों से चाहते हो वही दूसरे की बेटी को भी दो। जब तक तुम बहू और बेटी को एक-सा नहीं समझोगे, न तुम्हें सुख मिलेगा, न शांति।**

'बहू की विदा'
लेखक-विनोद रस्तोगी

(i) वक्ता का परिचय देते हुए कथन का संदर्भ लिखिए। [2]

(ii) "अब भी आँखें नहीं खुलीं ?" कहने से वक्ता का क्या अभिप्राय है ? पाठ के संदर्भ में समझाइए। [2]

(iii) एकांकी के अंत में श्रोता क्या फैसला लेता है और क्यों? समझाइए । [3]

(iv) इस एकांकी से आपको क्या शिक्षा मिलती है? एकांकी के उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। [3]

**Question 9**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:**

**"प्राण जाएँ पर वचन न जाए" यह हमारे जीवन का मूलमंत्र है।जो तीर तरकश से निकलकर कमान से छूट गया, उसे बीच में लौटाया नहीं जा सकता। मेरी प्रतिज्ञा कठिनाई से पूरी होगी, यह मैं जानता हूँ और इस**

*Continued on page 7*



Downloaded From www.icseboard.org

बात की हाल के युद्ध में पुष्टि भी हो चुकी है कि हाड़ा जाति बीरता में हम लोगों से किसी प्रकार हीन नहीं है।'

'मातृभूमि का मान'

लेखक-हरि कृष्ण 'प्रेमी'

(i) उपरोक्त कथन के वक्ता और श्रोता का संक्षिप्त परिचय दीजिए। [2]

(ii) वक्ता ने क्या प्रतिज्ञा ली थी? कारण सहित लिखिए। [2]

(iii) हाड़ा वंश के राजा कौन थे? हाड़ा लोगों की क्या विशेषताएँ थीं? उन पर प्रकाश डालिए। [3]

(iv) 'प्राण जाएँ पर वचन न जाए' इस कहावत का क्या अर्थ है? एकांकी के सन्दर्भ में समझाइए। [3]

**Question 10**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:**

**यही है, यही है मेरे मार्ग का कंटक। आज मेरे नगर में स्त्रियों ने दीपदान किया है। मैं भी यमराज को इस दीपक का दान करूँगा। यमराज। लो इस दीपक को। यह मेरा दीपदान है।**

'दीपदान'

लेखक-डॉ. रामकुमार वर्मा

(i) वक्ता कौन है? उसके कथन का संदर्भ स्पष्ट कीजिए। वक्ता ने कंटक किसे कहा और क्यों? [2]

(ii) पन्ना ने उदय सिंह के प्राणों की रक्षा के लिए किस प्रकार याचना की? [2]

(iii) पन्ना द्वारा बनवीर पर कटार से प्रहार करने का क्या परिणाम निकला? [3]

(iv) बनवीर के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। [3]

••••••••••••••••••••••••••

Downloaded From www.icseboard.org